अपनी व्यक्तिगत और वित्तीय जानकारी को सुरक्षित रखें

वित्तीय धोखाधड़ी और पहचान की चोरी से बचने के लिए अपनी वित्तीय जानकारी को सुरक्षित रखें।

अपनी वयकतगित को सुरकषति रखें

- अपनी व्यक्तिगत पहचान की जानकारी को निजी रखें, जिसमें आपका सोशल इनश्योरेंस नंबर, जन्म तिथि, ड्राइवर लाइसेंस का नंबर आदि शामिल हैं। अपने बटुए में केवल वही पहचान दस्तावेज़ रखें जिनकी आपको आवश्यकता है।
- व्यक्तिगत दस्तावेज़ों को सुरक्षित स्थान पर स्टोर करें।
- कभी भी किसी अवांछित फोन कॉल, संदेश, ईमेल का जवाब न दें, जिसमें आपसे व्यक्तिगत जानकारी देने के लिए कहा गया हो। किसी भी लिंक या अटैचमेंट पर क्लिक न करें।

अपनी वयकतगित जानकारी को ऑनलाइन सुरकषति रखें

- अपने लॉगिन, पासवर्ड और ब्राउज़र इतिहास को अक्सर क्लीयर करें, खासकर सार्वजनिक कंप्यूटर या नेटवर्क का उपयोग करते समय।
- अपने एंटी-वायरस सॉफ़्टवेयर को अपडेट रखें और नियमित रूप से अपने पासवर्ड बदलते रहें।
- अक्षरों, संकेताक्षरों और संख्याओं के संयोजन का उपयोग करके बेहतर पासवर्ड सेट करें। या, एक पासवर्ड मैनेजर का उपयोग करें जो सुरक्षित रूप से एन्क्रिप्ट किए गए मजबूत पासवर्ड उत्पन्न करेगा।
- सुरक्षित और विश्वसनीय वेबसाइटों का उपयोग करें। नकली वेबसाइटों को पहचानना और वैध वेबसाइटों को सत्यापित करना सीखें।
- मल्टी-फैक्टर ऑथेन्टीकेशन (MFA) का उपयोग करें। MFA किसी एप्लिकेशन, ऑनलाइन खाते या VPN का उपयोग करने से पहले उपयोगकर्ता को प्रमाणित करने के लिए एक से अधिक सत्यापन कारक का उपयोग करती है। उदाहरण के लिए, आपके सेलफोन पर एक सुरक्षित कोड भेजे जाना जिसे आपको वेबसाइट में प्रवेश करने से पहले ऐन्टर करना होगा, इससे आपकी सुरक्षा में मदद मिल सकती है।

अपनी वतित्तीय जानकारी को सुरकषति रखें

- गलतियों या अनधिकृत लेनदेन को देखने के लिए कम से कम मासिक रूप से अपने बैंक और क्रेडिट कार्ड स्टेटमेंटों की समीक्षा करें। कोई भी समस्याओं की सूचना तुरंत अपने वित्तीय संस्थान को दें।
- आपको जिन दस्तावेज़ों की आवश्यकता नहीं है, जैसे रसीदें, बैंक स्टेटमेंट, एटीएम रसीदें, चेक स्टब्स, या क्रेडिट कार्ड स्टेटमेंट, उनको श्रेड करें।
- अपनी क्रेडिट रिपोर्टऔर स्कोर को सालाना जांचें।
- गुम या चोरी हुई शिनाख़्त, डेबिट या क्रेडिट कार्डों की तुरंत रिपोर्ट करें।

GetSmarterAboutMoney.ca पर और जानें

Ontario Securities Commission
20 Queen St. W., 22nd Floor, Toronto, Ontario M5H 3S8
Tel: 1-877-785-1555 **Email:** inquiries@osc.gov.on.ca